# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 03.06.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1. थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा कार चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये 02 अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर कब्जे चोरी की ECO कार, एक मोटरसाईकिल व अवैध 02 तमंचे व 02 कारतूस बरामद कियेः-**





अवगत कराना है कि दिनांक 02.06.2024 को वादी श्री सुनील कुमार पुत्र भगवन्त सिंह निवासी ग्राम सूरजननगर थाना ठाकुरद्वारा,जनपद मुरादाबाद द्वारा दिनांक 01.06.2024 की रात्रि वादी की ECO कार नं0 UP14CH9397 स्कूल सुरजननगर से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में तहरीरी सूचना के आधार पर थाना ठाकुरद्वारा पर मु0अ0सं0 241/2024 धारा- 379 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध /अपराधीयो एंव चोरी की घटनाओ पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा संलिप्त शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी व चोरी की घटनाओ के सफल अनावरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा के कुशल पर्यवेक्षण/ मार्गदर्शन में थाना ठाकुरद्वारा पुलिस गठित टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये संदिग्ध वाहन/व्यक्ति चैकिंग के दौरान पीछा कर अभियुक्तगण 1. कपिल कुमार पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम टाण्डा बेरखेड़ा, थाना स्योहारा जनपद बिजनौर, 2. सचिन पुत्र ब्रजपाल निवासी दाड़ी महमूदपुर थाना छजलैट, जनपद मुरादाबाद को ECO कार नं0 UP 14 CH 9397 (जो मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी कार है) के साथ गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण के कब्जे से अवैध 02 तमन्चे व 02 कारतूस 12 बोर बरामद हुए। एंव अभियुक्तगण की निशादेही पर चोरी की मोटरसाईकिल नं0- UK 06P 6762 ईख के खेत से बरामद की गयी। चोरी की ECO कार व मोटर साईकिल की बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 411/414 भादवि0 की वृद्धि की गयी। तथा शस्त्र बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध मु0अ0सं0- 243/2024 धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम कपिल कुमार उपरोक्त व मु0अ0सं0 244/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम सचिन उपरोक्त पंजीकृत किये गये। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## पूछताछ का विवरणः-

अभियुक्तगणों ने पूछताछ पर बताया कि हम आपस में दोस्त है और वाहन चोरी करते है। हम लोग घूम फिर कर वाहनो को देखभाल कर चिन्हित कर लेते है फिर उन्हे चोरी कर लेते है। हमने दिनांक 01.06.2024 को सुरजननगर स्कूल से एक ECO कार नं0 रात्रि में चोरी की थी। हम लोग उसी चोरी की ECO कार से जा रहे थे कि पुलिस चैकिगं कर रही थी हमने पुलिस को देखकर कार को भगाया परन्तु पुलिस ने हमारी कार का पीछा किया तो हमारी कार अंनियत्रित होकर सडक से गड्डे मे उतर गयी और हमें पुलिस ने पकड़ लिया तथा हमारे कब्जे से 02 अवैध तमंचे व कारतूस भी बरामद कर लिये। हमने एक मोटरसाईकिल काशीपुर से चोरी की थी जो हमने गांव भायपुर ईंख के खेत में छिपा दिया था। जिसे हमने पुलिस को बरामद करा दिया।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः –

1. कपिल कुमार पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम टाण्डा बेरखेड़ा , थाना स्योहारा जनपद बिजनौर उम्र 27 वर्ष
2. सचिन पुत्र ब्रजपाल निवासी डाढी महमूदपुर थाना छजलैट, जनपद मुरादाबाद उम्र 25 वर्ष

## अभियुक्तगण के कब्जे व निशादेही से बरामदगीः-

1. चोरी की गयी कार ECO NO. UP14CH9397
2. चोरी की मोटर साईकिल नं0 UK 06P 6762
3. अवैध 02 तमंचे मय 02 कारतूस 12 बोर

## अभियुक्तगणो के पूर्व का आपराधिक इतिहासः-

1.मु0अ0सं0-1038/2022 धारा- 25/27/3/ 4 आयुध अधिनियम, 102/ 41 CRPC व धारा 307/399/402/411 भा0द0वि0 थाना मझोला

2.मु0अ0सं0 567/2022 धारा 379/411 भादवि थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद।

## गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1. उ0नि0 रविन्द्र सिंह भाटी, चौकी प्रभारी सुरजननगर, थाना ठाकुरद्वारा
2. उ0नि0 ज्योतिष कुमार, थाना ठाकुरद्वारा
3. हे0का0 राम मोहन शर्मा, थाना ठाकुरद्वारा
4. हे0का0 विपिन कुमार, थाना ठाकुरद्वारा,
5. का0 अंकित कुमार, थाना ठाकुरद्वारा,

## 2. थाना कटघर पुलिस ने 01 वारण्टीं को किया गिरफ्तारः-



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार वांछित/वारण्टीयों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 03.06.2024 को उ0नि0 हरेन्द्र सिंह थाना कटघर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के वारण्टी राजा कश्यप पुत्र यादराम निवासी एकता कालौनी लाईनपार थाना मझोला मुरादाबाद सम्बन्धित वारण्ट एसटी नं0- 28/19 अ0सं0 228/18 धारा 395/420/412 भादवि0 को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय भेजा गया।

**3. जनपदीय पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने के 04 आरोपियो को किया गिरफ्तारः-**






अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 03.06.2024 को **थाना भगतपुर पुलिस** द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था भंग कर रहे आरोपीगण 1. करण सिंह पुत्र भोगराज, 2. बबलू पुत्र भोगराज सिंह निवासीगण दांडी दुर्जन थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद, तथा **थाना मैनाठेर पुलिस** द्वारा आरोपीगण 1. मुजस्सिर पुत्र मो0 नवी 2. मौ० आजाद पुत्र शफीक अहमद निवासीगण ग्राम व थाना मैनाठेर जनपद-मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं शान्तिव्यवस्था कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा 151/107/116 Cr.P.C में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।